# ध्येय पथ
## अक्टूबर–2019

### ऐनी बेसेन्ट जयन्ती

01 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में ऐनी बेसेन्ट जयन्ती के अवसर पर बी.एड. विभाग की प्रवक्ता श्रीमती विभा सिंह ने विचार प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किया।




### महात्मा गाँधी जयन्ती व लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती

02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के 150वीं जयन्ती एवं भारत के पूर्व यशस्वी प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 116वीं जयन्ती के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के उपरान्त महाविद्यालय के बीस विभाग के गोद लिए लगभग 700 विद्यार्थियों ने अपने–अपने विभाग के कुल अठ्ठारह गाँव में 'प्लास्टिक मुक्त भारत जन जागरण अभियान के अन्तर्गत ग्रामवासियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने हेतु जागरूक किया।



### गृह विज्ञान विभाग में विशिष्ट व्याख्यान

04 अक्टूबर को गृह विज्ञान विभाग द्वारा 'बालकों में सामाजिक विकास' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में चन्द्रकान्ति रमावती देवी आर्य महिला पी.जी. कॉलेज की सहायक प्रवक्ता सुश्री पूजा गुप्ता ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष श्रीमती किरन सिंह ने किया। इस व्याख्यान में शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।




### कर्मचारी संघ चुनाव

04 अक्टूबर को कर्मचारी संघ चुनाव सम्पन्न हुआ कर्मचारी संघ चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी श्री विश्वनाथ ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी को पराजित कर अध्यक्ष पद पर, उपाध्यक्ष पद पर श्री झब्बर शर्मा, महामंत्री पद पर श्री आशीष यादव एवं कोषाध्यक्ष पद पर श्री सत्यम दीक्षित निर्विरोध चयनित किये गये। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव एवं चुनाव अधिकारी डॉ. वेंकट



रमन पाण्डेय ने विजयी पदाधिकारियों को बधाई दी।

## भूगोल विभाग में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी उद्घाटन समारोह–

05 अक्टूबर को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली एवं महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज जंगल धूसड़ के संयुक्त तत्वावधान में 05 एवं 06 अक्टूबर को ''वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य एवं भारत–उपमहाद्वीप चुनौतियाँ और अवसर'' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन महाराणा प्रताप पी. जी. कॉलेज जंगल धूसड़ में किया गया। 05 अक्टूबर को आयोजित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के पूर्व कुलपति एवं सर्वे ऑफ इण्डिया के पूर्व महानिदेशक प्रो. पृथ्वीशनाग जी द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति प्रो. श्रीनिवास सिंह उपस्थित रहे। बीज वक्तव्य प्राणि विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित वैज्ञानिक दिनेश कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भूगोल विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. जे. एन. पाण्डेय विभागाध्यक्ष प्रो. एस. के. सिंह एवं भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रो. एन. पाण्डेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने अतिथियों के स्वागतोपरान्त दो दिनों तक चलने वाली इस गोष्ठी की सम्पूर्ण प्रस्ताविकी प्रस्तुत की। उद्घाटन समारोह का संचालन महाविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रवक्ता डॉ. अजय निषाद तथा आभार ज्ञापन भूगोल विभागाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय सहित महाविद्यालय के शिक्षक तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




### प्रथम तकनीकी सत्र



प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के पूर्व कुलपति एवं सर्वे ऑफ इण्डिया के महापूर्व निदेशक प्रो. पृथ्वीश नाग ने 'रिस्यूज इनरजेसिया एण्ड इण्डिया' विषय पर अपना विचार प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. डी. के. सिंह ने 'इनर्जीस फ्यूचर ऑल प्लेनेट अर्थ' पर विचार प्रस्तुत किया। इस सत्र में कुल 10 प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्रों का वाचन किया।

### द्वितीय तकनीकी सत्र




द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के पूर्व प्रति कुलपति प्रो. एस. के. दीक्षित ने भारत में ऊर्जा संसाधनों में निर्भरता विषय पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष प्रो. वी. के श्रीवास्तव ने ''निर्मल ऊर्जा उपलब्धि का परिदृश्य'' विषय पर अपना विचार प्रस्तुत किया। इस सत्र में 08 प्रतिभागियों ने भिन्न–भिन्न शीर्षकों पर अपने शोध पत्रों का वाचन किया।

## तृतीय तकनीकी सत्र

कार्यशाला के दूसरे दिन 06 अक्टूबर को प्रातः 09:00 बजे तृतीय तकनीकी सत्र प्रारम्भ हुआ। इस सत्र में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. जे. एन. पाण्डेय ने 'जनसंख्या एवं संसाधन के अन्तर्सम्बन्ध' विषय पर विचार प्रस्तुत किया एवं रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रवक्ता श्री रमाशंकर दूबे तथा डॉ. अभिषेक सिंह सहित इस सत्र में 07 प्रतिभागियों ने विभिन्न शीषकों पर अपने शोध पत्रों का वाचन किया।




## समापन समारोह

भारतीय सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह की अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वी. के सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में गोरखपुर विश्वविद्यालय के भूगोल विभागके पूर्व अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित भूगोल विद्व प्रो. बी. के सिंह, श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. एस. के. दीक्षित तथा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. नन्देश्वर शर्मा के उद्‌बोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को आशीवर्चन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर प्रो. जे. एन. पाण्डेय, डॉ. केशव सिंह, डॉ. बी. एन. सिंह, डॉ. निलाम्बुज सहित प्रतिभागी, शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित रहे, अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव तथा संचालन डॉ. प्रज्ञेश मिश्र ने किया।




## युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 125वी. जयन्ती वर्ष एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की शताब्दी जयन्ती के अन्तर्गत ''भारत नेपाल सम्बन्ध एवं महन्त दिग्विजयनाथ'' विषय पर संगोष्ठी

14 अक्टूबर को युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 125 वीं जयन्ती वर्ष एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की शताब्दी जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत 'भारत नेपाल संबंध एवं महन्त दिग्विजयनाथ विषय पर महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रो. तेजप्रताप सिंह तथा मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित इतिहासविद प्रो. हिमांशु चतुर्वेदी ने विचार प्रस्तुत किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने एवं स्वागत भाषण प्राचीन इतिहास विभाग के अध्यक्ष सुबोध कुमार मिश्र तथा संचालन राजनीतिशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक, विद्यार्थी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## राजनीतिशास्त्र विभाग में विशिष्ट व्याख्यान

14 अक्टूबर को राजनीतिशास्त्र विभाग में ''राजनीतिशास्त्र विषय की उपादेयता'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रो. तेज प्रताप सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रवक्ता डॉ. कृष्ण कुमार पाठक तथा आभार ज्ञापन राजनीतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश कुमार सिंह ने किया।




## डॉ. ए. पी. जे अब्दुल कलाम जयन्ती

15 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में डॉ. ए. पी. अब्दुल कलाम की जयन्ती अवसर पर भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक, विद्यार्थी, व कर्मचारी उपस्थित रहे।




## समाजशास्त्र विभाग में विशिष्ट व्याख्यान

15 अक्टूबर को समाजशास्त्र विभाग द्वारा ''सामाजिक अर्थव्यवस्था'' विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रो. दीपेन्द्र मोहन सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री बृजभूषण सिंह तथा आभार ज्ञापन डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने की।



## बी. एड्. विभाग में विशिष्ट व्याख्यान

15 अक्टूबर को बी. एड. विभाग में ''बालकों के सामाजीकरण का विकास'' विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने प्रस्तुत किया। संचालन बी. एड. विभाग के प्रवक्ता श्रीमती विभा सिंह तथा आभार ज्ञापन डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने किया। व्याख्यान में शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## शिक्षाशास्त्र विभाग में विशिष्ट व्याख्यान

15 अक्टूबर को शिक्षा शास्त्र, विभाग में ''उच्च शिक्षा का आयाम'' विषय पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के सतत शिक्षा विभाग के सेवानिवृत प्रो. डॉ. ओ. पी. एम. त्रिपाठी ने व्याख्यान प्रस्तुत किया।



कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता श्रीमती साधना सिंह तथा आभार ज्ञापन श्री नवनीत कुमार सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राजनीतिशास्त्र विभाग में आडियों–विडियों माध्यम से कार्यशाला




16 अक्टूबर को राजनीतिशास्त्र विभाग में आडियो–विडियों माध्यम से :भारतीय संविधान सभा में विचार–विमर्श एवं वाद–विवाद विषय पर डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। विषय प्रस्ताविकी डॉ. कृष्ण कुमार पाठक तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. यशवन्त कुमार राव ने किया।

## वाणिज्य विभाग में विशिष्ट व्याख्यान




17 अक्टूबर को वाणिज्य विभाग द्वारा ''मकान सम्पत्ति की आय की आधारभूत अवधारणाएँ विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में डी. ए. वी. पी. जी. कॉलेज गोरखपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. बृजेश कुमार ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्यान कार्यक्रम में विषय की प्रस्तावना डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता ने तथा आभार ज्ञापन वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार शुक्ला ने किया।

## वाणिज्य विभाग में विशिष्ट व्याख्यान



18 अक्टूबर को वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में ''भूमण्डलीकरण का जीवन शैली पर प्रभाव'' विषय पर दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज के वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत कियां व्याख्यान कार्यक्रम में विषय की प्रस्तावना वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश शुक्ला ने रखी तथा अतिथि का स्वागत डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कैरम प्रतियोगिता



19 अक्टूबर को क्रीड़ा विभाग द्वारा महंत दिग्विजयनाथ स्मृति कैरम प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन वाणिज्य विभाग प्रभारी डॉ. राजेश शुक्ल ने किया। प्रतियोगिता में कुल 16 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। छात्र वर्ग में सतीश वर्मा (बी. कॉम. द्वितीय वर्ष) विजेता तथा अनमोल खरवार (बी. एस–सी. द्वितीय वर्ष) उपविजेता रहे। छात्रा वर्ग में

आंशिका चौहान (बी. ए. द्वितीय वर्ष) विजेता तथा वंदना पाल (बी.ए. तृतीय वर्ष) उपविजेता रही। निर्णायक मण्डल में क्रीड़ा विभाग के सदस्य डॉ. बृजभूषण लाल तथा श्रीमती प्रियंका मिश्र रही। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. यशवन्त कुमार रॉव ने सभी प्रतिभागियो को शुभकामनाएँ दी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला




19 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पर्यावरणीय संकट' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने उद्बोधन प्रस्तुत किया। भूगोल विभाग के प्रवक्ता डॉ. अजय प्रताप निषाद ने कार्यशाला में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओ ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सौरभ कुमार सिंह तथा श्रीमती किरन सिंह ने किया।

## अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा



20 अक्टूबर को अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से अतुल माहेश्वरी छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया। परीक्षा में कुल 1255 परीक्षार्थी की सम्पूर्ण व्यवस्था के साथ परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में बी. एड्. विभाग के छात्राध्यापक–छात्राध्यापिकाओं तथा महाविद्यालय के शिक्षकों ने सहयोग किया।

## शिक्षक अभिभावक सम्मेलन




20 अक्टूबर को प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव की अध्यक्षता में विज्ञान संकाय का शिक्षक अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में योगवाणी के सम्पादक डॉ. फूलचन्द गुप्त ने कार्यक्रम में विचार प्रस्तुत किया। शिक्षक अभिभावक संघ के सचिव एवं संयोजक श्री संजय जायसवाल ने अभिभावकों के प्रति आभार ज्ञापन किया तथा संचालन श्री प्रदीप वर्मा ने किया।

## आज़ाद हिन्द फौज स्थापना दिवस




21 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में 'आजाद हिन्द फौज स्थापना दिवस पर बी.एड. विभाग के प्रवक्ता श्री जितेन्द्र प्रजापति ने विचार प्रस्तुत किया कार्यक्रम में शिक्षक, विद्यार्थी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## इतिहास विभाग में विशिष्ट व्याख्यान




21 अक्टूबर को इतिहास विभाग में आजाद हिन्द फौज के गठन के 76वें वर्षगाँठ के अवसर पर ''भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में सुभाषचन्द्र बोस तथा आजाद हिन्द फौज का योगदान'' विषय पर डी. ए. वी. कॉलेज गोरखपुर के एसोसिएट प्रो. डॉ. संजय श्रीवास्तव ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री जितेन्द्र प्रजापति तथा आभार ज्ञापन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।

## 'पढ़ो गोरखपुर' कार्यक्रम



22 अक्टूबर को महाविद्यालय में 'पढ़ो गोरखपुर' कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पुस्तकों के माध्यम से स्वाध्याय, समूह चर्चा आदि किया।

## अशफाक उल्ला खाँ




22 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में अशफाक उल्ला खॉ जयन्ती के अवसर पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में भूगोल विभाग के प्रवक्ता डॉ. अजय कुमार निषाद ने विचार प्रस्तुत किया।

## अंग्रेजी विभाग में आयोजित निबंध प्रतियोगिता



22 अक्टूबर को अंग्रेजी विभाग में आयोजित 'ब्रेन ड्रेन' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 60 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आदित्य प्रताप सिंह बी. ए. द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से सर्वेश्वर कांत चन्द एवं प्रियंका श्रीवास्तव बी. ए. द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान पर विमलेन्दू बी. ए. प्रथम रहे। सभी प्रतिभागियों को अंग्रेजी विभागाध्यक्ष श्रीमती कविता मध्यान ने शुभकामनाएँ दी।

## संयुक्त राष्ट्रसंघ स्थापना दिवस




23 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस के पूर्व दिवस पर राजनीतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने 'वर्तमान परिवेश में संयुक्त राष्ट्र की उपादेयता' विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर प्राचार्य शिक्षक, विद्यार्थी सहित कर्मचारी रहे।

## रक्षा एवं स्त्राजजिक अध्ययन विभाग में विशिष्ट व्याख्यान



23 अक्टूबर को रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा संयुक्त राष्ट्रसंघ स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के शोध अध्येता श्री रोशन कुमार ने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक सिंह तथा संचालन श्री रमाकान्त दूबे ने किया। इस अवसर पर शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## होमी जहागीर भाभा जयन्ती




30 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में होमी जहागीर भाभा जयन्ती के अवसर पर भौतिक विज्ञान विभाग के प्रवक्ता डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर ने विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शिक्षक, विद्यार्थी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती एवं इन्दिरा गाँधी पुण्यतिथि




31 अक्टूबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल जयन्ती एवं इन्दिरा गाँधी पुण्यतिथि के अवसर पर डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने व्याख्यान प्रस्तुत कर महाविद्यालय परिवार की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'रक्तदान महादान' विषय पर आयोजित व्याख्यान




31 अक्टूबर को प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'रक्तदान महादान विषय पर गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक के प्रभारी एवं चिकित्सक डॉ. अवद्येश अग्रवाल ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव तथा संचालन डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने किया।

## हिन्दी विभाग में विशिष्ट व्याख्यान



31 अक्टूबर को हिन्दी विभाग द्वारा 'हिन्दी की ध्वनियॉ एवं उच्चारण स्थान विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में जवाहर स्मारक पी. जी. कॉलेज महाराजगंज के सहायक आचार्य डॉ. विजय आनन्द मिश्र ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी सुश्री शुधा शुक्ला

तथा आभार ज्ञापन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बी. एड. विभाग में निबन्ध प्रतियोगिता



31 अक्टूबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल के जयन्ती के अवसर पर बी. एड. विभाग द्वारा राष्ट्रीय एकता विषय आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में कुल 40 छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम स्थान पर बी.एड. प्रथम वर्ष क माधवेन्द्र त्रिपाठी, द्वितीय स्थान पर बी.एड. द्वितीय वर्ष के अविनाश कुमार शर्मा एवं तृतीय स्थान पर बी. एड. प्रथम वर्ष की हर्ष गुप्ता रही। निबन्ध प्रतियोगिता का संयोजन बी. एड. प्रवक्ता दीप्ति गुप्ता तथा डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने किया।

## शिक्षक–प्राचार्य बैठक



31 अक्टूबर को शिक्षक प्राचार्य बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार रॉव की अध्यक्षता में दायित्व प्रभार पठन–पाठन, सामूहिक व्यक्तित्व विकास योजना विषय पर शिक्षकों के साथ चर्चा की गई।

## पॉपुलर लेक्चर



15 अक्टूबर से महाविद्यालय में पॉपुलर लेक्चर का आयोजन किया गया। 15 अक्टूबर को रसायन विज्ञान विभाग के प्रवक्ता श्री गौरव तिवारी ने 'केमिकल इन वॉटर प्यूरिफिकेशन' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। अपने व्याख्यान में पानी को प्यूरिफाई कैसे किया जाता है इसे विस्तार से बताया। इस व्याख्यान में प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।




16 अक्टूबर को रक्षाअध्ययन विभाग के प्रवक्ता श्री रमाशंकर दूबे ने 'मिलिट्राइजेशन ऑफ इण्डियन ओशियन' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्यान में शिक्षक प्राचार्य उपस्थित रहे।

17 अक्टूबर को प्राणि विज्ञान विभाग के प्रवक्ता श्री विनय कुमार सिंह ने 'हार्ट' विषय पर व्याख्यान दिया उन्होनें व्याख्यान में बताया की 'हार्ट' किस तरीके से कार्य करता है।





21 अक्टूबर को वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश शुक्ला ने 'सीखना' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया उन्होने व्याख्यान में व्यक्ति किस प्रकार सीखता है के बारे में विस्तार से चर्चा की।

22 अक्टॅबर को बी. एडऋ विभाग की प्रवक्ता श्रीमती साधना सिंह ने 'उच्च शिक्षा में चुनौतियों' विषय पर व्याख्यान दिया। उच्च शिक्षा में किस प्रकार की चुनौतियॉ आती है तथा उनका कैसे समाधान किया इस पर उन्होने विस्तार से शिक्षको के साथ चर्चा किया।





23 अक्टूबर को वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. 'अभय कुमार श्रीवास्तव ने 'नो द प्लान्ट ऑफ कॉलेज' विषय पर व्याख्यान व्याख्यान में बताया कि महाविद्यालय में कितने प्रकार के पौधे है तथा प्रत्येक पौधे के उपयोगिता के विषय में विस्तार से बताया।